भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 912**
दिनांक 04.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत 'हर घर नल से जल' योजना के लक्ष्य**

**912. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोरः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत 'हर घर नल से जल' योजना देश भर के कई राज्यों में अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रही है;
(ख) यदि हाँ, तो अधूरी परियोजनाएँ, पाइपलाइनों की खराब गुणवत्ता, पर्याप्त जल स्रोतों का अभाव और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) देश भर में राज्य-वार कितने ग्रामीण परिवार अभी भी नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित पेयजल प्राप्त नहीं कर रहे हैं:
(घ) गुजरात में उक्त मिशन की वर्तमान स्थिति क्या है और अब तक कितने ग्रामीण परिवारों को वास्तव में कार्यशील नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;
(ङ) क्या सरकार ने उक्त मिशन के अंतर्गत कार्यान्वयन की प्रगति और गुणवत्ता का आकलन करने के लिए कोई स्वतंत्र समीक्षा/लेखापरीक्षा कराई है और यदि हाँ, तो उसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं; और
(च) सरकार द्वारा उक्त मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन और विफल या खराब ढंग से कार्यान्वित परियोजनाओं को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ): अगस्त, 2019 से, भारत सरकार राज्यों की भागीदारी से देश भर के सभी गांवों में प्रत्येक ग्रामीण परिवार में नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, 3.23 करोड़ (17%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना मिली थी। अब तक, 01.12.2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रो द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, लगभग 12.52 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 01.12.2025 तक, 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, 15.75 करोड़ (81.36%) से अधिक परिवारों के घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है और शेष 3.69 करोड़ परिवारों के लिए कार्य, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की कार्य-परिपूर्णता योजना के अनुसार पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं।

इसके अलावा, गुजरात राज्य को 'हर घर जल' के रूप में सूचित किया गया है, अर्थात् 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन है। गुजरात सहित मिशन के अंतर्गत प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ) और (च): जेजेएम के तहत, विभाग मानक सांख्यिकीय नमूने के आधार पर चुने गए एक स्वतंत्र तीसरे पक्ष की एजेंसी के माध्यम से मिशन के तहत प्रदान किए गए पारिवारिक नल जल कनेक्शनों की कार्यशीलता का आकलन करता है। हर घर जल गांवों में कार्यशीलता मूल्यांकन सर्वेक्षण, 2024 आयोजित किया गया था और रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार हैं:

- नल कनेक्शन उपलब्धता: सर्वेक्षण किए गए गांवों में 98.1 प्रतिशत परिवारों में नल कनेक्शन थे।
- नल कनेक्शन की कार्यशीलता:
  - नल कनेक्शन वाले 87 प्रतिशत परिवारों ने पिछले सप्ताह में जल प्राप्त करने की सूचना दी, जो समग्र प्रगति का संकेत देता है।
  - नियमितता: 84 प्रतिशत परिवारों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जल मिलता है, जो पिछले आकलन से मामूली गिरावट दर्शाता है।
  - मात्रा: 80 प्रतिशत परिवारों को न्यूनतम 55 एलपीसीडी जल मिलता है।
  - गुणवत्ता: 76 प्रतिशत परिवार बैक्टीरियोलॉजिकल संदूषण से मुक्त पाए गए और आपूर्ति स्रोत के 81 प्रतिशत परिवार रासायनिक संदूषण से मुक्त पाए गए;

- समग्र कार्यशीलता: मात्रा, गुणवत्ता और नियमितता के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए, 76 प्रतिशत पारिवारिक नल कनेक्शनों का मूल्यांकन कार्याशील के रूप में किया गया था।

नल जल कनेक्शन के माध्यम से सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन की एक व्यापक बहु-स्तरीय और बहु-प्रारूपीय प्रणाली विकसित की है, जो लक्षित सुपुर्दगी और विशिष्ट परिणामों की निगरानी के लिए परिवार के मुखिया के आधार को जोड़ती है, जो वैधानिक प्रावधानों के अध्यधीन है, जिसमें सृजित परिसंपत्तियों की जियो-टैगिंग, भुगतान करने से पहले तीसरे पक्ष का निरीक्षण,

प्रायोगित आधार पर सेंसर-आधारित आईओटी समाधान के माध्यम से गांवों में जल आपूर्ति की माप और निगरानी आदि शामिल है। इसके अलावा, दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत मौजूदा निगरानी तंत्र के कार्यान्वयन में तेजी लाने और उसे मजबूत करने के लिए, ग्राम/जिला डैशबोर्ड और ग्राम स्तर के डैशबोर्ड को ई-ग्रामस्वराज पोर्टल से जोड़ना, जिला कलेक्टरों का पर्यावरण संवाद, आईएमआईएस मॉड्यूल के माध्यम से राष्ट्रीय वॉश विशेषज्ञों (एनडब्ल्यूई) की भूमिका का संस्थागतकरण, टीपीआईए की भूमिका, संबंधित मंत्रालयों के साथ सहयोग को मजबूत करना,  जेजेएम के तहत हाल ही में स्रोत स्थिरता को मजबूत करने के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली, सामुदायिक प्रबंधित पाइपगत जल प्रणालियों पर पुस्तिका, एकीकृत पाइपगत जल प्रणाली के लिए विशिष्ट आईडी आदि जैसे कदम हाल ही में उठाए गए हैं।

*****

अनुबंध

**दिनांक 04.12.2025 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 912 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**जेजेएम के तहत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

(02.12.2025 तक)

(संख्या लाख में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल ग्रामीण परिवार | 15/08/2019 तक नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | ग्रामीण परिवारों को अगस्त, 2019 से नल जल आपूर्ति प्रदान की गई | | आज की तारीख में नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % में | संख्या | % में | संख्या | % में |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.62 | 0.29 | 46.02 | 0.33 | 53.98 | 0.62 | 100.00 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 2.29 | 0.23 | 9.97 | 2.06 | 90.03 | 2.29 | 100.00 |
| 3. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव | 0.85 | - | - | 0.85 | 100.00 | 0.85 | 100.00 |
| 4. | गोवा | 2.64 | 1.99 | 75.44 | 0.65 | 24.56 | 2.64 | 100.00 |
| 5. | **गुजरात** | **91.18** | **65.16** | **71.46** | **26.02** | **28.54** | **91.18** | **100.00** |
| 6. | हरियाणा | 30.41 | 17.66 | 58.08 | 12.75 | 41.92 | 30.41 | 100.00 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 17.09 | 7.63 | 44.64 | 9.46 | 55.36 | 17.09 | 100.00 |
| 8. | मिजोरम | 1.33 | 0.09 | 6.91 | 1.24 | 93.09 | 1.33 | 100.00 |
| 9. | पुदुचेरी | 1.15 | 0.94 | 81.33 | 0.21 | 18.67 | 1.15 | 100.00 |
| 10. | पंजाब | 34.27 | 16.79 | 48.98 | 17.48 | 51.02 | 34.27 | 100.00 |
| 11. | तेलंगाना | 53.98 | 15.68 | 29.05 | 38.30 | 70.95 | 53.98 | 100.00 |
| 12. | उत्तराखंड | 14.49 | 1.30 | 9.00 | 12.85 | 88.68 | 14.15 | 97.68 |
| 13. | लद्दाख | 0.41 | 0.01 | 3.48 | 0.38 | 94.10 | 0.40 | 97.58 |
| 14. | बिहार | 167.55 | 3.16 | 1.89 | 157.20 | 93.82 | 160.36 | 95.71 |
| 15. | नागालैंड | 3.64 | 0.14 | 3.82 | 3.27 | 90.01 | 3.41 | 93.83 |
| 16. | सिक्किम | 1.33 | 0.70 | 52.97 | 0.52 | 39.12 | 1.22 | 92.09 |
| 17. | लक्षद्वीप | 0.13 | - | - | 0.12 | 91.45 | 0.12 | 91.45 |
| 18. | उत्तर प्रदेश | 267.21 | 5.16 | 1.93 | 237.58 | 88.91 | 242.74 | 90.84 |
| 19. | महाराष्ट्र | 146.78 | 48.44 | 33.00 | 83.93 | 57.18 | 132.37 | 90.18 |
| 20. | तमिलनाडु | 125.26 | 21.76 | 17.37 | 90.19 | 72.00 | 111.95 | 89.37 |
| 21. | कर्नाटक | 101.31 | 24.51 | 24.20 | 63.02 | 62.20 | 87.53 | 86.40 |
| 22. | त्रिपुरा | 7.51 | 0.25 | 3.26 | 6.23 | 82.96 | 6.47 | 86.22 |
| 23. | मेघालय | 6.51 | 0.05 | 0.70 | 5.37 | 82.47 | 5.41 | 83.17 |
| 24. | असम | 72.24 | 1.11 | 1.54 | 57.87 | 80.11 | 58.99 | 81.65 |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल ग्रामीण परिवार | 15/08/2019 तक नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | ग्रामीण परिवारों को अगस्त, 2019 से नल जल आपूर्ति प्रदान की गई | | आज की तारीख में नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % में | संख्या | % में | संख्या | % में |
| 25. | छत्तीसगढ़ | 49.98 | 3.20 | 6.40 | 37.60 | 75.24 | 40.80 | 81.64 |
| 26. | जम्मू एवं कश्मीर | 19.26 | 5.75 | 29.89 | 9.88 | 51.33 | 15.64 | 81.22 |
| 27. | मणिपुर | 4.52 | 0.26 | 5.74 | 3.34 | 73.86 | 3.59 | 79.60 |
| 28. | ओडिशा | 88.66 | 3.11 | 3.51 | 65.27 | 73.62 | 68.38 | 77.12 |
| 29. | आंध्र प्रदेश | 95.53 | 30.74 | 32.18 | 40.24 | 42.12 | 70.98 | 74.30 |
| 30. | मध्य प्रदेश | 111.51 | 13.53 | 12.13 | 67.30 | 60.35 | 80.83 | 72.48 |
| 31. | राजस्थान | 107.74 | 11.74 | 10.90 | 50.25 | 46.64 | 61.99 | 57.54 |
| 32. | पश्चिम बंगाल | 175.52 | 2.15 | 1.22 | 96.93 | 55.22 | 99.08 | 56.45 |
| 33. | झारखंड | 62.53 | 3.45 | 5.52 | 30.99 | 49.57 | 34.45 | 55.09 |
| 34. | केरल | 70.77 | 16.64 | 23.51 | 22.12 | 31.25 | 38.76 | 54.76 |
| | **कुल** | **19,36.20** | **3,23.63** | **16.71** | **12,51.81** | **64.65** | **15,75.44** | **81.37** |

दिल्ली और चंडीगढ़ में कोई ग्रामीण आबादी नहीं है। एचएच: परिवार स्रोत: जेजेएम - आईएमआईएस

*****